Result Mitra

# रिजल्ट मित्र स्पेशल

# Hand Written

# करंट अफेयर्स नोट्स



# टाइम पर्सन ऑफ द ईयर - 2024

## चर्चा में क्यों?




* टाइम मैगजीन ने हाल ही में अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को 2024 के लिए पर्सन ऑफ द ईयर चुना।
* 2016 के बाद यह दूसरा मौका है जब ट्रम्प को पर्सन ऑफ द ईयर चुना गया है
* उन्होंने न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज में उद्घाटन घंटी बजाकर यह सम्मान प्राप्त किया।
* टाइम मैगजीन ने डोनाल्ड ट्रंप को पर्सन ऑफ द ईयर घोषित करते हुए कहा कि शायद ही कोई अन्य व्यक्ति राजनीति और इतिहास के पाठ्यक्रम को बदलने में ट्रंप से अधिक भूमिका निभा सका है।

करीब 6 माह पूर्व ट्रंप को न्यूयॉर्क के मैनहट्टन में एक अदालत में दोषी ठहराया गया था, जिससे वह अपराधी करार पाने वाले पहले पूर्व राष्ट्रपति बने।

→ टाइम के मुख्य संपादक सैम जैकब्स ने NBC के टुडे शो पर घोषणा करते हुए कहा कि ट्रंप ने 2024 में चाहे अच्छा हो या बुरा समाचार पत्रों पर सबसे अधिक प्रभाव डाला

## टाइम मैगजीन

**स्थापना**

टाइम मैगजीन की स्थापना 3 मार्च 1923 को अमेरिका में ब्रिटन हेडन और हेनरी लूस ने की थी। यह दुनिया की पहली साप्ताहिक समाचार पत्रिका मानी जाती है। यह दुनिया की पहली साप्ताहिक समाचार पत्रिका मानी जाती है।


यह पत्रिका मुख्य रूप से न्यूयॉर्क शहर से प्रकाशित होती है और इसे दुनिया भर में पढ़ा जाता है।

**विषय क्षेत्र**


→ टाइम मैगजीन राजनीति, व्यापार, विज्ञान, मनोरंजन, स्वास्थ्य, तकनीकि और संस्कृति से संबंधित खबरों और लेखों को कवर करती है।

[ पर्सन ऑफ द ईयर हर साल उस व्यक्ति को नामित किया जाता है जिसने वैश्विक स्तर पर सबसे ज्यादा प्रभाव डाला है चाहे सकारात्मक या नकारात्मक ]

डॉनल्ड जॉन ट्रम्प (जन्म 14 जून, 1946) एक अमेरिकी राजनीतिज्ञ, मीडिया व्यक्तित्व और व्यवसायी हैं, जिन्होंने 2017 से 2021 तक संयुक्त राज्य अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया। इसके बाद, 2024 में डोनाल्ड ट्रम्प ने कमला हैरिस के खिलाफ चुनाव लड़ा और इस चुनाव में विजयी होकर अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बने। और डोनाल्ड ट्रम्प 20 जनवरी 2025 को 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे।

## डॉनल्ड ट्रम्प
## Donald Trump



आधिकारिक तस्वीर 2017

### संयुक्त राज्य के 47 वें राष्ट्रपति

**पद बहाल**

20 जनवरी 2025 – 20 जनवरी 2029

| | |
|---|---|
| **उप राष्ट्रपति** | जेडी वेंस |
| **पूर्वा धिकारी** | जो बाइडेन |
| **उत्तरा धिकारी** | डॉनल्ड जॉन ट्रम्प |
| **जन्म** | 14 जून 1946 (आयु 78)<br>न्यूयार्क, संयुक्त राज्य अमेरिका |
| **राजनीतिक दल** | रिपब्लिकन पार्टी |

# FIDE विश्व शतरंज चैंपियनशिप 2024

* भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने गुरुवार 12 दिसंबर दिसंबर को सिंगापुर में वर्ल्ड शतरंज चैंपियनशिप जीतकर इतिहास रच दिया। वह इतिहास में यह खिताब को जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने।
* वहीं गुकेश विश्वनाथन आनंद के बाद शतरंज में विश्व चैंपियन बनने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बने।
  गुकेश ने निर्णायक 14वें गेम में चीन के डिंग लिरेन को हराकर खिताब जीता।




## शतरंज

* शतरंज एक रणनीति आधारित खेल है जो सातवीं शताब्दी के भारत में चतुरंग नामक खेल से उत्पन्न हुआ।
  आधुनिक शतरंज के नियम 15वीं शताब्दी में यूरोप में विकसित हुए और 19वीं शताब्दी के अंत तक सार्वभौमिक रूप से स्वीकार किए गए।
* शतरंज 8×8 की बिसात पर खेला जाता है जहाँ प्रत्येक खिलाड़ी के पास 16 मोहरें होते हैं।
* शतरंज प्रतियोगिताओं का संचालन FIDE (फेडरेशन इंटरनेशनेल डेस एचेक्स) द्वारा किया जाता है जिसे अंतर्राष्ट्रीय शतरंज संघ कहा जाता है

विश्व शतरंज चैंपियनशिप जो शतरंज प्रतियोगिताओं का शिखर है 1886 से आयोजित की जा रही है

## अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (FIDE)

अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ जिसे FIDE कहा जाता है यह स्विट्जरलैंड में स्थित एक संगठन है यह अंतर्राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिताओं का संचालन करता है

**स्थापना** 20 जुलाई 1924 (पेरिस फ्रांस)

**मुख्यालय** - लॉज़ेन (स्विट्ज़रलैंड)

**आदर्श वाक्य** - हम एक परिवार है

31 दिसंबर 2023 तक FIDE में 201 सदस्य संघ शामिल हैं



गुकेश दोम्मराजु एक भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर हैं। वह "ग्रैंडमास्टर" ख़िताब हासिल करने वाले इतिहास में तीसरे सबसे कम उम्र के व्यक्ति हैं। डी. गुकेश 18 साल की उम्र में शतरंज विश्व चैंपियन बनने वाले सबसे युवा खिलाड़ी है। [

इससे पहले यह रिकॉर्ड रूस के महान शतरंज खिलाड़ी गैरी कास्पारोव के नाम था, जिन्होंने 22 साल की उम्र में यह खिताब जीता था। गुकेश शतरंज का विश्व खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले विश्वनाथन आनंद ने पांच बार यह खिताब जीतकर भारत का नाम रोशन किया था। [

Result Mitra

# तबला वादक जाकिर हुसैन का निधन

* प्रसिद्ध तबला वादक जाकिर हुसैन का 73 वर्ष की आयु में अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल में निधन हो गया।

* जाकिर हुसैन का निधन इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस नामक जटिल बीमारी के कारण हुआ।

## इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस (आईपीएफ) क्या है?

इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस एक गंभीर फेफड़ों का विकार है जिसमें फेफड़ों में वायुकोशों (एल्वियोली) के आसपास के ऊतकों का मोटा होना और सख्त होना शामिल है समय के साथ यह स्थायी निशान बन जाता है जिसे फाइब्रोसिस के रूप में जाना जाता है इससे प्रभावित व्यक्तियों के लिए सांस लेना मुश्किल हो जाता है।

### लक्षण

- सांस की कमी
- लंबे समय तक सूखी खांसी
- जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द
- कमजोरी या थकावट
- वजन का कम होना।

Result Mitra App पर जाकर आप Test Series में एडमिशन ले सकते हैं.

@resultmitra www.resultmitra.com

## जाकिर हुसैन के बारे में

- जन्म - 9 मार्च 1951 मुंबई
- ये प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद अल्ला रक्खा के बेटे थे।
- 1988 में पद्मश्री
- 2002 में पद्म भूषण
- 1992 में ग्रैमी अवॉर्ड से सम्मानित
- संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित


**हमारे यहाँ चलने वाली टेस्ट सीरीज की लिस्ट और 1 साल के लिए उनकी Fee निम्न प्रकार है.**

UPSC- GS - 1399 ₹ = 25 TEST
UPPSC - GS- 1399 ₹ = 30 TEST
BPSC - 1399 ₹ = 30 TEST
JPSC - 1399 ₹ = 30 TEST
MPPSC - 1399 ₹ = 30 TEST
UKPSC - 1399 ₹ = 30 TEST
RPSC/RAS - 1399 ₹ = 30 TEST
CGPSC - GS- 1399 ₹ = 30 TEST

Result Mitra App पर जाकर आप Test Series में एडमिशन ले सकते हैं.

# पोलावरम परियोजना

**चर्चा में क्यों?**

बीजू जनता दल (बीजेडी) ने ओड़िशा के मलकानगिरि जिले में आदिवासी समुदायों पर इसके संभावित प्रतिकूल प्रभावों के कारण पोलावरम बाँध परियोजना के प्रति अपना विरोध तेज कर दिया है।




* इसे 2014 में केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दिया गया है।

स्थान - आंध्रप्रदेश (गोदावरी नदी पर)

सिंचाई क्षमता - 4.368 लाख हैक्टेयर

जलविद्युत उत्पादन - 960 मेगावाट क्षमता

पेयजल आपूर्ति - 611 गाँवों में 28.50 लाख लोगों को लक्षित करता है।

**परियोजना का महत्व**
- आर्थिक विकास
- जल संसाधनों का राष्ट्रीय एकीकरण

**चुनौतियां**
- अंतर्राज्यीय मुद्दे (विवाद)
- पर्यावरणीय प्रभाव
- पुनर्वास के मुद्दे